सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

<u>**राजभवन देहरादून 18 अप्रैल, 2022**</u>

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की उपस्थिति में मंगलवार को राजभवन के परिसर में नर्मदा नदी से स्वयंभू प्रकट हुए 'शिवलिंग' की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह शिवलिंग हरिद्वार स्थित देव संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित प्रज्ञेश्वर शिवलिंग के साथ मिले 9 शिवलिंग में से एक है।

देव संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या ने जानकारी देते हुए बताया कि नर्मदा नदी में प्रज्ञेश्वर महादेव के साथ 9 अन्य शिवलिंग एक साथ मिले थे जिन्हें पहले देव संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में रखा गया था। इन 9 शिवलिंग में से एक शिवलिंग अमेरिका के कैलीफ़ॉर्निया और एक ह्यूस्टन में स्थापित किया जा चुका है। जबकि तीसरे शिवलिंग की प्राणप्रतिष्ठा राजभवन में की जा रही है।

श्री पण्ड्या ने बताया की पूर्व में उपराष्ट्रपति के हरिद्वार दौरे के समय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रज्ञेश्वर महादेव शिवलिंग के दर्शन कर इनमें से एक शिवलिंग को राजभवन में स्थापित करने की आस्था प्रकट की थी।

...........0.............